# चार माह से फरार निगरानीशुदा बदमाश गिरफ्तार

**▶ बदमाश से रात्रि भ्रमण में 10 लीटर जहरीली शराब जब्त**



**महिदपुर।** एसडीओपी जें्डेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी महिदपुर अशोक पाटीदार ने टीम गठित कर करीब चार माह से फरार आरोपी निजामुद्दीन को 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया। 23 फरवरी को आरोपी निजाम उर्फ निजामुद्दीन पिता मोईउद्दीन शाह जाति फकीर निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर व उसके तीन अन्य साथियों ने स्वयं को महिदपुर का किंग बताकर फरियादी अब्दुल वहाब उर्फ अब्दुल्ला पिता मुजम्मिल शाह जाति फकीर उम्र 28 साल निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर से सीटीटीवी कैमरों के रखरखाव का खर्चा मांगा गया था। जो कि 10 हजार रुपए था मना करने पर लात-घूंसों मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट आरोपीगणों के विरुद्ध कायम कर अनुसंधान में लिया गया। इस दौरान फरार आरोपी निजाम उर्फ निजामुद्दीन पिता मोईउद्दीन शाह कस्बा भ्रमण में 28 जून को 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ जहरीली शराब के साथ के साथ गिरफ्तार किया गया।

**इनका कहना है...**

थाना टीम को निजाम नामक अपराधी की सूचना मिली थी, जो कि कच्ची जहरीली शराब लेकर आ रहा है। उसे पकडक़र थाने लाया गया। इस अपराधी निजाम पर महिदपुर थाने में करीब 21 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।– अशोक पाटीदार, थाना प्रभारी महिदपुर

# पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का बड़नगर में किया सम्मान

**बड़नगर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के उज्जैन से बड़नगर आगमन पर कैसूर पीरझलार फन्टे सांवरिया चौपाटी पर कांग्रेस नेता प्रेमचंद द्वितीय एवं जिला कांग्रेस के महासचिव गोपाल चौधरी तथा जिला कांग्रेस के सचिव यूनूस भाई नेता ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।**



इस अवसर पर प्रेमचंद त्रिवेदी एवं गोपाल चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को अभिनंदन पत्र के अलावा संविधान की रक्षा के लिए एक मोमेंटो तथा शाल दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक महेश परमार महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, सुरेंद्र सिंह सिसोदिया भी मौजूद थे। अभिनंदन के मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश तलेसरा, सेवादल के भरत चौधरी, बहादुर बिसाहेड़ा, बापू सिंह आजंदा, उस्मान पटेल, याकूब भाई पेंटर उमरिया, अश्विन त्रिवेदी, गब्बर भाई, भंवर लाल चौहान, राहुल त्रिवेदी, टीकम सिंह, हनीफ भाई, यूनस हाजी आदि ने दिग्विजय सिंह का सूत की माला पहनकर स्वागत किया।

## एक नजर में

### ग्रामीण विकास को रफ्तार, विधायक ने किया एक करोड़ 14 लाख के कार्यों का श्रीगणेश



**बड़नगर।** विधानसभा के ग्राम खेड़ावदा में 62 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन व लोकार्पण साथ ही ग्राम मुण्डत में 52 लाख से अधिक की लागत के कार्यों भूमि पूजन व लोकार्पण विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहाकि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास को प्राथमिकता देतें हुए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामवासियों के सहयोग और विश्वास के साथ क्षेत्र के विकास की यह यात्रा निरंतर आगे बढती रहेगी। सभी ग्रामीणजनों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इस भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, बालूसिंह पंवार, उमरावसिंह, अजब सिंह, विजयराज सिंह, खरसोद खुर्द मंडल अध्यक्ष मुकेश व्यास, जगदेव सिंह राठौर, मनोहर गुर्जर, सुनीता टीकंमसिंह पंवार, बबलू डामर के समस्त पंचगण व समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मेहता का देवलोक गमन



**घट्टिया।** भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश मेहता, शिक्षक स्व. ईश्वर मेहता तथा ओमप्रकाश मेहता की माताजी तथा सेवानिवृत्त पंचायत समन्वयक राधेश्याम मेहता की धर्मपत्नी विष्णु बाई मेहता का रविवार को निधन हो गया। डाबरी स्थित घर से निकली शव यात्रा में समाजजनो सहित ईष्ट मित्रों ने भाग लेकर अंतिम विदाई दी।

### पहली बार खुला उज्जैन में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का यूथ विंग चैप्टर



**उज्जैन।** नगर में पहली बार जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के यूथ विंग क़े चैप्टर का गठन हुआ। जिसमे अविनाश सुराणा चेयरमेन और अभिव्यक्त कोठारी सचिव नियुक्त हुए। रविवार को गणमान्यजनों की उपस्थिति में शपथ समारोह हुआ। इसके साथ ही युवाओं के लिए संकल्प के साथ एक नई शुरुआत हुई। समारोह में विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, ओम जैन, रवि सोलंकी अतिथि रूप में उपस्थित हुए। जीतो के हिंतेन्द्र मेहता, दिलीप सी जैन, प्रखर मेहता, प्रतीक सूर्या आदि ने मार्गदर्शन प्रदान कर जीतो की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उद्योगपतियों, अभिभावकों, समाजजन और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जीतो यूथ विंग उज्जैन की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। जिसके अनुसार चैयरमेन अविनाश सुराणा को तथा सेक्रेटरी अभिव्यक्त कोठारी को नियुक्त किया गया। चेप्टर की कोर कमेटी में आयुष गिरिया, अमन सुराणा, शुभम सूर्या, यश कोठारी, संस्कार बापना शामिल है। शपथ समारोह में अध्यक्ष अविनाश सुराणा ने कहा उज्जैन आध्यात्मिक नगरी तो हे ही, अब व्यापार और संस्कारों की नगरी भी कहलाएगी।

### सीए और उनके परिजन ने गिल्ली-डंडा और सितोलिया खेलकर मनाया स्पोर्ट्स डे



**उज्जैन।** आईसीएआई के आगामी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को उज्जैन सीए ब्रांच द्वारा स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उनके परिवारजनों और सीए विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान फाइलों और रिटर्न की उलझनों से दूर सीए सदस्यों ने मैदान में पारंपरिक खेलों का जमकर आनंद लिया। उज्जैन सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए आशीष तोतला ने बताया कि 1 जुलाई को आईसीएआई का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया गया। इंडोर स्पोर्ट्स के तहत सीए ब्रांच परिसर में शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुई। वहीं माधव क्लब में आउटडोर स्पोर्ट्स के अंतर्गत कपल क्रिकेट, सितोलिया, गिल्ली-डंडा, रस्साकशी और बैडमिंटन जैसे पारंपरिक व मनोरंजक खेल खेले गए। सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने इसमें खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर 1 जुलाई को सीए ब्रांच द्वारा अन्य सामाजिक व जनहितकारी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### 16 हजार बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**उज्जैन।** जिले की सभी तहसीलों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 28 तारीख को घटिया तहसील में 16,857 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। घटिया तहसील का कुल लक्ष्य 20,992 है, जिसका 80 प्रतिशत स्वास्थ्य विभाग ने अथक प्रयासों से हासिल कर लिया है। शेष 20 प्रतिशत बच्चों को आगामी दो दिनों में दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जो न पहुंचे हम तक, हम पहुंचे उन तक के ध्येय को चरितार्थ करते हुए घर-घर जाकर दस्तक दी।

# पौधारोपण के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

**घट्टिया। जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च गुडी पड़वा से प्रारंभ होकर 30 जून को समाप्त हुआ। इस दौरान अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत घट्टिया क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जल कलशयात्रा के साथ जल संवर्धन एवं जल संरक्षण की गतिविधियां करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।**



ग्राम पंचायतों में रहवासियों को मिट्टी, पानी, पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए, जल संगोष्ठियों का आयोजन हुआ। इसी के साथ 29 जून को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं को आयोजन करते हुए एक जुलाई 2026 से प्रारंभ हो रही विकसित भारत जी राम जी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया। खण्ड स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत घट्टिया के सभाग्रह में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. भगवानसिंह पंवार, जनपद सदस्य मंगलसिंह, सरपंच यशवंत मालवीय, सहायक सचिव मनोज मकवाना एवं स्थानीयजन प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं महिलाओं ने भागीदारी की।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत घट्टिया के सीईओ जीएस मुझाल्दा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार सोनी की उपस्थिति में ग्रामीणों से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन करने का आव्हान किया गया। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 100-100 पौधे लगाने के लिए ग्राम पंचायतों को पाबंद किया गया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों के ने पीपल के पौधे को ग्राम पंचायत परिसर में रोपित किया गया।

# मजदूर नेता ने की लैंक्सेस उद्योग के अधिकारियों पर केस दर्ज करने की मांग

**नागदा।** लैंक्सेस उद्योग में गत दिनों हुई आग की दुर्घटना में अभी तक कार्रवाई नहीं होने से कुछ मजदूर युनियन के नेता प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रेसिम क्रांतिकारी कर्मचारी यूनियन के मंत्री पवन गुर्जर ने बिरलाग्राम पुलिस थाने में लेंक्सेस उद्योग के अधिकारियों के खिलाफ आवेदन दे कर उन पर जांच कर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

आवेदन में बताया गया कि 17 जून रात में लगभग 9.15 बजे नागदा स्थित लेंक्सेस प्राइवेट लिमिटेड के एक विभाग एचसीएल प्लांट में भीषण आग लग गई थी। अग्निकांड का कारण एचसीएल प्लांट के ऑर्गेनिक टैंक और ऑर्गेनिक पंप में आगजनी के एक सप्ताह पूर्व से लिकेज था जिसकी जानकारी कारखाना प्रबंधक सुनील गुलाटी एवं अन्य उच्च अधिकारियों को भी थी जिस पर उधोग के अधिकारियों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया गया। वही एचसीएल जैसे रासायनिक प्लांट को अकुशल ठेका श्रमिकों से चलावाया जाता है। ऑर्गेनिक टैंक और ऑर्गेनिक पंप से 5 फिट की दूरी पर बेंजिलडीहाइड रसायन का टैंक है जो अत्यंत ज्वलनशील है। उद्योग के कर्मचारियों द्वारा रसायन टैंक पर लगातार पानी डाला गया अन्यथा बेंजिलडीहाइड का टैंक भी आग पकड़ लेता तो पूरे नागदा के लिए भोपाल कांड जैसा हो जाता।

# महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शौर्य यात्रा



**खाचरौद।** खाचरौद नगर में वीर शिरोमणि मेवाड़ राजस्थान के महान सिसोदिया राजवंश के प्रतापी राजा महाराणा प्रताप की 486 वीं जन्म जयंती नगर में विशाल शौर्य यात्रा निकालकर मनाई। महाराणा प्रताप अपने अदम्य, साहस, शौर्य और स्वाभिमान के लिए इतिहास में अमर है। शौर्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई संजोग परिसर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई इसके पूर्व शौर्य यात्रा का नगर के विभिन्न सामाजिक राजनीतिक व धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया।

धर्म सभा को गुरुदेव नरेंद्र गिरी महाराज ने संबोधित करते हुए समग्र राजपूताना के गौरव महाराणा प्रताप की जीवन शैली बताते हुए कहा महाराणा ने कैसे घास की रोटी खाकर समाज को एक जुट एक सूत्र में बांधा है। सभा को विधायक डॉक्टर तेजबहादुर चौहान ने संबोधित करते हुए कहा राजपूत समाज में शादियों में टेबल प्रथा बंद होना चाहिए। मैं इसका खुलकर विरोध करता हूं। जनपद अध्यक्ष पृथ्वी सिंह पवार ने बताया कि समाज एक सूत्र में कार्य करता है तो वह राजपूत समाज का गौरव कहलाता है। कार्यक्रम को मोती सिंह शेखावत, यशपाल सिंह सिसोदिया, जीतु सिंह लेकोडिया, अजय सिंह पवार, यशपाल सिंह सिसौदिया, शक्ति सिंह सोनगरा, लाल सिंह बंजारी, धारा सिंह सुरेल, सार्थक सिसोदिया आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान राजपूत समाज में महाराणा प्रताप जयंती पर किया। स्वागत भाषण औकार सिंह भाटी, महाराणा प्रताप का जीवन परिचय वीरेंद्र सिंह भुवासा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन ऋतुराज सोनगरा व आभार रविंद्र सिंह चंद्रावत ने माना। खाचरौद सहित ग्रामीण अंचल से राजपूत सरदार उपस्थित थे।

# स्वच्छता को लेकर नपा अध्यक्ष ने आयोजित की बैठक

**नागदा जं.। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वास्थ्य शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक डे-केयर सेंटर में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष संतोष गेहलोत ने की। बैठक में मुख्य रूप से सांसद एवं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, स्वास्थ्य शाखा सभापति बबीता रघुवंशी, सीएमओ सतीश, नगर पालिका के इंजीनियर, स्वास्थ्य अधिकारी, दरोगा, मेट एवं संबंधित कर्मचारियों ने सहभागिता की।**

बैठक में नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अध्यक्ष के निर्देशनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक वार्ड में नियमित, प्रभावी एवं समयबद्ध सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध हो। मानसून को देखते हुए विशेष अभियान के तहत बड़े नालों की सफाई, गहरीकरण एवं जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पोकलेन एवं जेसीबी मशीनों से कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कई स्थानों पर बड़े नालों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि अन्य स्थानों पर कार्य प्रगति पर है।

मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रतिदिन नालियों की सफाई के बाद दवा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन दो वार्डों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से धुआँ (फॉगिंग) कर मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक स्थानों एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वहीं आवारा मवेशियों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करते हुए सड़कों पर घूम रहे पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जा रहा है, जिससे यातायात सुचारु रहे तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

अंत में नगर पालिका परिषद नागदा ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा स्वच्छ नागदा, सुंदर नागदा, विकसित नागदा के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएँ। जनसहयोग से ही एक स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित नगर का निर्माण संभव है।

# सर्व प्रयास सामाजिक संस्था ने सिलाई मशीन भेंट की

**नागदा। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा जरूरतमंद महिला एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार हेतु तीन सिलाई मशीन भेट की गई। संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन गीताश्री गार्डन में किया गया जिसमें 125 महिला एवं बालिकाओं को सिलाई मेहंदी एवं पार्लर का प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट वितरण भी किया गया।**

साथ ही शिक्षिकाओं भारती मालवीय, लता दासवानी, मेघा राठौड़ शीतल शर्मा, कीर्ति डांगरा का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर एवं समाजसेवी मनोज राठी बारदान वाले रहे। अतिथि धारासिंह चौहान जिला महासचिव कांग्रेस और लोकेश चौहान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रहे। मुख्य अतिथि गुर्जर द्वारा संस्था को 11 हजार रूपए की सहयोग राशि एवं तीन सिलाई मशीन भेंट की साथ ही डॉ. सोनाली सुनील चैधरी द्वारा भी सिलाई मशीन भेंट की। संस्था द्वारा 3 सिलाई मशीन भेंट की गई। संचालन अजय गरवाल ने किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

# माहेश्वरी समाज ने किया होनहारों का बहुमान

**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी सभा उज्जैन द्वारा महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत रविवार 28 जून को भव्य शैक्षणिक पुरस्कार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से स्नातकोत्तर तक सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली समाज की प्रतिभाओं, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों को पुरस्कृत किया गया।



समारोह का शुभारंभ संगीता लाहोटी, स्वाती तापड़िया और राखी इनानी द्वारा प्रस्तुत भगवान महेश के सुमधुर भजनों और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश सभा उपाध्यक्ष विजय श्याम भांगडिया, जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सतीश मूंदड़ा और वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र मालू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी ने की।

**विशिष्ट अतिथि और प्रायोजक:** मंच पर लक्ष्मी नारायण मूंदड़ा, भूपेन्द्र भूतड़ा, आशीष तापड़िया, हुकुमचंद लाठी, अर्पण इनानी, मनोज बियाणी, विरेन्द्र कुमार गट्टानी, अतुल देवपुरा, नृसिंह देवपुरा, संध्या हेडा, वंदना जैथल्या और रेखा बियाणी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। पुरस्कारों के प्रायोजक प्रकाश चन्द्र प्रहलाद दास सोडानी, ओमप्रकाश पलोड़, विरेन्द्र गट्टानी, गोपाल लखोटिया, कमलेश मंत्री और बीएल गुप्ता परिवार रहे। अतिथियों ने सभी प्रतिभाओं और उनके माता-पिता को समाज का नाम रोशन करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**बांटे महेश अवार्ड:** समारोह में केंद्रीय खुफिया ब्यूरो में इन्वेस्टिगेशन अधिकारी के पद पर चयनित मनमय बियाणी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**इन शैक्षणिक प्रतिभाओं को मिला पुरस्कार:** ध्वनी गोयदानी, मानवी झंवर, नव्या हेड़ा, जयांश काबरा, कायना जाजू, तनिष मूंदड़ा, अनन्या लखोटिया, इशिका गदिया, दिव्यम हेड़ा, अवनि माहेश्वरी, जाग्रत माहेश्वरी, गार्गी हेड़ा, आदित्य भूतड़ा, अनवी भूतड़ा, जानवी चांडक और हृदय काबरा।

## एक नजर ▶ कालिदास अकादमी में ऐतिहासिक सिंधी नाटक मिट्टीअ लधो मानु का मंचन

# शौर्य और बलिदान को रंगमंच पर किया जीवंत

**उज्जैन।** अरब आक्रांताओं से 30 वर्षों तक सिंध की रक्षा करने वाले अंतिम हिंदू शासक सम्राट दाहिर सेन के शौर्य और बलिदान को रविवार रात शहर में जीवंत किया। अवसर था कालिदास संस्कृत अकादमी के संकुल सभागार में सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल, सिंधु जागृत समाज व भारतीय सिंधु सभा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक सिंधी नाटक मिट्टीअ लधो मानु के मंचन का।



मर्मस्पर्शी प्रस्तुति को देखने के लिए समाज के 450 से अधिक दर्शक उमड़े। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि भोपाल के रंग समूह द्वारा प्रस्तुत इस नाटक के लेखक मोहन गेहाणी और निर्देशक अशोक बुलानी हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव, कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद और सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**इन पदाधिकारियों और समाजजनों की रही सक्रिय भूमिका:** अतिथियों का स्वागत सिंधु जागृत समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहरा, सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी, सचिव महेश गंगवानी, संरक्षक रमेश सामदानी, दौलत खेमचंदानी, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा और भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष रमेश गजरानी ने किया। सुनील खत्री, जयराम सोनेजा और रामेश्वरम ने भी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। मंच संचालन रमेश गजरानी ने किया

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से टेक ट्रक का लोकार्पण

**नागदा।** मेरा गांव मेरी दुनिया संस्था द्वारा उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से संचालित टेक ट्रक का सोमवार को नागदा में गरिमामय समारोह के साथ लोकार्पण किया गया।

नागदा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी गेहलोत, उपाध्याक्ष सुभाष शर्मा, पार्षद गौरव यादव, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक रिजनल हेड शरद, सीएसआर हेड श्रीकांत, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक नागदा के ब्रांच मेनेजर युवराज, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की टीम तथा मेरा गांव मेरी दुनिया संस्था की टीम सहित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं टेक ट्रक परियोजना के परिचय के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्युत बल्ब तैयार किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की पहलें विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा, तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास के साथ सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने टेक ट्रक का अवलोकन किया, विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल एवं गतिविधियों को देखा तथा इस पहल को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं, विद्यालयों और समुदाय का आभार व्यक्त किया।